भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1444**

**28.07.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में भर्ती**

1444. **श्री मुरारी लाल मीनाः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में शामिल सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के समूह 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' के स्वीकृत, वास्तविक और रिक्त पदों का समूह-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) बीएचईएल में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित पदों की तुलना में वर्तमान प्रतिनिधित्व, रिक्त और बैकलॉग पदों का समूह-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के रिक्त और बैकलॉग पदों को भरने के लिए आरंभ किए गए विशेष भर्ती अभियानों का ब्यौरा क्या है और इसके वर्ष-वार परिणाम क्या रहे हैं;

(घ) क्या सरकार का बीएचईएल में आरक्षण प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने, बैकलॉग रिक्तियों को शीघ्रता से भरने और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए किमी समयबद्ध कार्य योजना को लागू करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क):** भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों (सीपीएसई) में कार्मिकों की तैनाती व्यवसाय की वृद्धि एवं कार्य की मात्रा पर निर्भर करती है तथा यह रिक्तियों पर आधारित नहीं होती है। व्यावसायिक परिदृश्य में होने वाले परिवर्तनों के अनुरूप कार्मिकों की संख्या में आवश्यकतानुसार वृद्धि अथवा कमी की जाती है।

**(ख):** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में दिनांक 20.07.2026 की स्थिति के अनुसार कार्यरत कुल कर्मचारियों तथा अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) के प्रतिनिधित्व का विवरण निम्नानुसार है-

| समूह | कुल पदस्थ कर्मचारी | एससी वर्ग के पदस्थ कर्मचारी | एसटी वर्ग के पदस्थ कर्मचारी |
|---|---|---|---|
| कार्यकारी | 10,638 | 2,018 | 907 |
| गैर-कार्यकारी | 16,627 | 3,610 | 1,140 |
| कुल | 27,265 | 5,628 | 2,047 |

दिनांक 20.07.2026 की स्थिति के अनुसार कोई भी बैकलॉग रिक्ति नहीं है।

**(ग):** बीएचईएल द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान कोई विशेष भर्ती अभियान संचालित नहीं किया गया है।

**(घ) एवं (ङ):** प्रश्न ही नहीं उठता।

***